सिंचाई परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिये विदेशी सहायता

4268. **श्री ईश दत्त यादव:**
श्री नागमणि:

क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विभिन्न राज्यों में सिंचाई परियोजनाओं के कार्यान्वयन तथा पेयजल उपलब्ध कराने के लिये एशियाई विकास बैंक, अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान तथा वर्ष 1997-98 में राज्य-वार कितनी-कितनी वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी गयी है; और

(ख) इनमें से राज्य-वार अब तक कौन-कौन सी योजनाएं क्रियान्वित की गयी हैं और उनकी राज्य-वार वर्तमान स्थिति क्या है?

जल संसाधन मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र): (क) और (ख) पिछले तीन वर्षों में एशिया विकास बैंक अथवा अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष सहायता से सिंचाई क्षेत्र में कोई भी परियोजना आरंभ नहीं की गई है। तथापि पिछले तीन वर्षों के दौरान कार्यान्वयन के लिए विश्व बैंक सहायता से प्रारंभ की गई राज्यवार सिंचाई परियोजनाएं दर्शाने वाला विवरण सभा पटल पर रखा जाता है।

विवरण

पिछले तीन वर्षों के दौरान सिंचाई परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए प्राप्त विदेशी सहायता

(अमेरिकी डालर मिलियन में)
(करोड़ रू० में)

क्र०सं०	परियोजना का नाम	राज्य	राशि/वर्तमान मूल्य	हस्ताक्षर करने की तारीख/ प्रभावी रूप से समाप्त	संचित निकासी		कुल (6 + 7)	31.3.97 को न निकाला गया शेष
					31.3.96	31.3.97		
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	हरियाणा जल संसाधन समेकन परियोजना (क्रेडिट सं० 2592-आईएन)	हरियाणा	294.29	06.04.94 24.06.94 31.12.00	32.26	63.126	95.386	231.163 (रू० 828.49)
2.	उड़ीसा जल संसाधन समेकन परियोजना (क्रेडिट सं० 2801 आईएन)	उड़ीसा	290.90	05.01.96 30.01.96 30.09.02	14.21	34.226	48.436	256.674 (रू० 919.92)
3.	तमिलनाडु जल संसाधन समेकन परियोजना (क्रेडिट सं० 2745-आई एन)	तमिलनाडु	282.90	22.09.95 14.12.95 31.03.02	12.44	14.502	26.942	268.398 (रू० 961.94)
4.	जल विज्ञान परियोजना (क्रेडिट सं० 2774-आई एन)	आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, उड़ीसा, केरल एवं मध्य प्रदेश।	142.00	22.09.95	4.00	5.612	9.612	136.338 (रू० 448.81)